Published Date	12th September 2024	Publication	Dainik Bhaskar
Edition	Chittorgarh	Page No	5
Headline	L&T Finance Limited launched Digital Sakhi Project in Rajasthan		

एलटीएफ की राजस्थान में सखी परियोजना शुरू

जयपुर | एलएंडटी फाइनेंस लिमिटेड (एलटीएफ) ने राजस्थान के उदयपुर, राजसमंद और चित्तौडगढ़ में सीएसआर परियोजना के तहत डिजिटल सखी की शुरुआत की है। इसका उद्देश्य डिजिटल वित्तीय साक्षरता के जरिए महिलाओं को सशक्त बनाना है, ताकि वे आजीविका के स्थायी साधन पैदा कर सकें। कंपनी के एमडी सुदीप्ता रॉय ने कहा कि परियोजना में 100 ग्रामीण महिलाओं को डिजिटल सखी के रूप में शामिल किया जाएगा, जो उदयपुर, राजसमंद और चित्तौडगढ़ के 400 गांवों में डिजिटल वित्तीय साक्षरता का प्रचार करेंगी।